# परीक्षा विभाग
# शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 7080 /परीक्षा/2024 दिनांक : 26.09.2024

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में आयोजित **बीसीए द्वितीय सेमेस्टर एवं बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा, जून–जुलाई 2024** के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम का अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाइट www.collegeholkar.org में स्वयं की Profile पर जाकर कर सकते हैं। यदि किसी परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम, नामांकन क्रमांक, अनुक्रमांक, स्वयं के नाम, सरनेम, पिता के नाम, माता के नाम आदि में कोई त्रुटि हो तो वह तत्काल सादे कागज पर लिखित आवेदन त्रुटियों का उल्लेख करते हुए परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में जमा करें ताकि उन त्रुटियों का निराकरण तत्काल निःशुल्क किया जा सकें।

वे विद्यार्थी जो अपनी **उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन** करना चाहते हैं वे उत्तरपुस्तिका अवलोकन शुल्क 200/– रूपये (प्रति उत्तरपुस्तिका) **SBI Collect** के माध्यम से जमा करें। जमा किये गये शुल्क की रसीद परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में दिखाकर उत्तरपुस्तिका अवलोकन आवेदन पत्र प्राप्त करें। उत्तरपुस्तिका अवलोकन आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर, जमा किये गये शुल्क की रसीद एवं अंकसूची की छायाप्रति के साथ **दिनांक 03.10.2024 तक परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में** अनिवार्य रूप से जमा करें। छात्रशाखा में उत्तरपुस्तिका अवलोकन आवेदन पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में उत्तरपुस्तिका का अवलोकन नहीं कराया जा सकेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी विद्यार्थी से आवेदन पत्र लेना संभव नहीं होगा।

वे विद्यार्थी जो अपनी **उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन** करवाना चाहते हैं वे **केवल दो प्रश्नपत्रों** में ही पुनर्मूल्यांकन करवा सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन शुल्क 500/– रूपये (प्रति उत्तरपुस्तिका) **SBI Collect** के माध्यम से जमा करें। जमा किये गये शुल्क की रसीद परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में दिखाकर, पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र प्राप्त करें। पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर, जमा किये गये शुल्क की रसीद एवं अंकसूची की छायाप्रति के साथ **दिनांक 10.10.2024 तक परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में** अनिवार्य रूप से जमा करें। छात्रशाखा में पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में पुनर्मूल्यांकन नहीं कराया जा सकेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी विद्यार्थी से आवेदन पत्र लेना संभव नहीं होगा।

**नोटः–**

1. **विद्यार्थी जिस प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिका का अवलोकन अथवा पुनर्मूल्यांकन करना/करवाना चाहता है उस प्रश्नपत्र का पूर्ण शीर्षक अंकसूची अनुसार अनिवार्य रूप से अंकित करें।**
2. **आधार पाठ्यक्रम से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन नहीं किया जावेगा।**
3. **आवेदन फार्म के साथ में Net से Downloaded परीक्षा परिणाम की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें।**
4. **विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिकाएँ दिखाए जाने संबंधी समय एवं दिनांक की जानकारी प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट का प्रतिदिन अवलोकन करते रहें। यह जानकारी फोन अथवा एसएमएस के माध्यम से व्यक्तिशः नहीं दी जावेगी।**
5. **उत्तरपुस्तिका अवलोकन एवं उत्तरपुस्तिका पुनर्मूल्यांकन का आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में जमा करने पर ही आवेदन पत्र पर कार्यवाही की जावेगी।**

**परीक्षा नियंत्रक**
**शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,**
**इन्दौर (म.प्र.)**

**प्राचार्य**
**शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,**
**इन्दौर (म.प्र.)**